# आपकी मैं क्या कहूं खाटू वाले श्याम | By Mukesh Bagda

आपकी मैं क्या कहूं खाटू वाले श्याम
आप ही बनाते पल में मेरे हर काम

दुनिया की ठोकरों में कबसे था पड़ा
मिला आपका सहारा हो गया खड़ा
आपकी मैं क्या कहूं लेली वाले श्याम
आप ही बनाते पल में मेरे हर काम

खुशनसीब हूँ मैं मुझको आप जो मिले
मेरे उजड़े गुलशन में फूल हैं खिले
आपकी मैं क्या कहूं खाटू वाले श्याम
आप ही बनाते पल में मेरे हर काम

जो भी चाहा पाया वही तेरे द्वार है
सब कुछ मिला है मुझको तू जो साथ है
आपकी मैं क्या कहूं मेरे बाबा श्याम
आप ही बनाते पल में मेरे हर काम

भूल जाना भूल मेरी दिल से तुम सभी
भूल से भी भूलना ना पन्ना को कभी
आपकी मैं क्या कहूं खाटू वाले श्याम
आप ही बनाते पल में मेरे हर काम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be/